केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

आवधिक परीक्षा -1

विषय -हिंदी   कक्षा-सातवीं   अवधि- 1:30 घंटे   पूर्णांक 40

टिप्पणी :   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

---

1. निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-   (1*5=5)

हर साल हम 5 जून को पर्यावरण दिवस के रुप में मनाते हैं। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि हम पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक बनाएं, उसके प्रति लोगों को संवेदनशील बनाएं ताकि लोग पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति सकारात्मक कदम उठा सकें। पर्यावरण के प्रति हम जितना संवेदनशील होंगे हमारा जीवन भी उतना ही सहज और सुखी होगा। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सन् 1972 में की गई थी। पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को आयोजित किया गया। सन् 1987 में इसके केंद्र को बदलते रहने का सुझाव सामने आया और उसके बाद से ही इसके आयोजन के लिए अलग-अलग देशों को चुना जाता है।

क) विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

ख) विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

ग) पहला विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया गया?

घ) विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा किस संस्था ने की?

ङ) विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन स्थल बदलते रहने का सुझाव कब आया?

2   निम्न पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए-   (1*5=5)

ऐसे थे अरमान कि उड़ते नीले नभ की सीमा पाने
लाल किरण सी चोंच खोल चुगते तारक अनार के दाने
होती सीमाहीन क्षितिज से इन पंखों की होड़ा-होड़ी
या तो क्षितिज मिलन बन जाता
या तनती सांसों की डोरी
नीड़ न दो चाहे टहनी का आश्रय छिन्न-भिन्न
कर डालो लेकिन पंख दिए हैं
तो आकुल उड़ान में विघ्न न डालो

प्रश्न-

क) कवि और कविता का नाम लिखिए।

ख) पक्षियों के क्या अरमान थे?

ग) “या तनती सांसों की डोरी” का क्या अर्थ है?

घ) पक्षी किस चीज में विघ्न नहीं चाहते हैं?

ङ) ‘क्षितिज’ शब्द का क्या अर्थ है?

3) निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए- (1*5=5)

सरदी के दिन थे । रोहिणी स्नान करके मकान की छत पर चढ़कर आजानुलंबित केशराशि सुखा रही थी। इस समय नीचे की गली में सुनाई पड़ा- “बच्चों को बहलानेवाला मिठाईवाला।” मिठाईवाले का स्वर उसके लिए परिचित था, झट से रोहिणी नीचे उतर आई। उस समय उसके पति मकान में नहीं थे। हाँ उनकी बृद्धा दादी थीं। रोहिणी उनके निकट आकर बोली- “दादी चुन्नू-मुन्नू के लिए मिठाई लेनी है। ज़रा कमरे में चलकर ठहराओ। मैं उधर कैसे जाऊँ, कोई आता न हो । ज़रा हटकर मैं भी चिक की ओट में बैठी रहूँगी।

क) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) गद्यांश में किस मौसम का वर्णन हुआ है?

ग) मिठाईवाले को रोहिणी ने किस कारण पहचान लिया?

घ) मिठाईवाले को ठहराने के लिए रोहिणी ने किससे कहा?

ङ) ‘आजानुलंबित केशराशि’ का अर्थ बताइए।

3) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3*5=15)

क) लेखक को अपनी दादी माँ कि याद के साथ-साथ बचपन की और किन-किन बातों की याद आ जाती है ?

ख) रक्त के सफ़ेद कणों को वीर सिपाही क्यों कहा गया है?

ग) खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रातक्रिया होती थी?

घ) हिमालय की यात्रा मी लेखक ने किन-किन कि प्रशंसा कि है?

ङ) पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों अच्छी लगी?

4) बाल महाभारत के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2*3=6)

क) केवटराज ने राजा शांतनु के सामने क्या शर्त रखी ?

ख) दुर्योधन ने लाख का घर किस उद्देश्य से बनवाया?

ग) देवव्रत का नाम भीष्म कैसे पड़ा?

5) निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए- (4)

क) हिमालय ख) मेरा प्रिय खेल